In the name of Allah the Most Gracious the Ever Merciful
بسم اللہ الرحمن الرحیم
Press Desk
Ahmadiyya Muslim Jamaat
INTERNATIONAL
(INDIA)

شعبہ پریس اینڈ میڈیا بھارت
Office Press & Media
Ahmadiyya Muslim Jama'at India,
Qadian-143516, Distt.Gurdaspur, Punjab, India.
Mobile: +91-99887 57988
Email: pressamjindia@gmail.com
Tel: +91-1872-500282
ahmadiyya_press ahmadiyyapressindia

(A Registered Religious and Charitable Society in India under the Societies Registration Act XXI 1860)

زیر حوالہ/Ref **SPM-264**
تاریخ/Date **05-10-25**

क़ादियान दारुल-अमान में मजलिस ख़ुद्दामुल-अहमदिया और मजलिस अत्फ़ालुल-अहमदिया क़ादियान के वार्षिक इज्तिमा का आयोजन

अल्लाह की कृपा से इस वर्ष दिनांक **3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2025** तक क़ादियान (भारत) में मजलिस ख़ुद्दामुल-अहमदिया और मजलिस अत्फ़ालुल-अहमदिया क़ादियान का वार्षिक इज्तिमा बड़े ही शानदार ढंग से आयोजित किया जा रहा है। इस इज्तिमा का उद्देश्य युवाओं (ख़ुद्दाम) और बच्चों (अत्फ़ाल) की शिक्षा और प्रशिक्षण, नैतिक उन्नति, भाईचारे की भावना और मानव सेवा के जज़्बे को बढ़ावा देना है।

मजलिस ख़ुद्दामुल-अहमदिया की स्थापना करने वाले हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद साहिब, ख़लीफ़तुल मसीह सानी (रह.) ने फ़रमाया था कि—

"क़ौमों का सुधार युवाओं के सुधार के बिना सम्भव नहीं है।"

इसी दृष्टिकोण को सामने रखते हुए मजलिस ख़ुद्दामुल-अहमदिया की नींव रखी गई ताकि युवाओं की ऐसी शिक्षा और परवरिश हो सके जिसके परिणामस्वरूप वे राष्ट्र और देश के उपयोगी नागरिक बन सकें।

"ख़ुद्दामुल-अहमदिया" जमाअत अहमदिया के युवाओं की एक संगठन है जिसका उद्देश्य उन्हें ऐसा शिक्षित और प्रशिक्षित करना है कि वे उच्च नैतिक गुणों और दृढ़ संकल्प के धनी हों और राष्ट्र तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें तथा समस्त मानव जाति की सेवा कर सकें। इसी संगठन के अंतर्गत सात से पन्द्रह वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए एक अलग संस्था **"अत्फ़ालुल-अहमदिया"** क़ायम की गई है, जिसके अंतर्गत शुरू से ही अहमदी बच्चों की धार्मिक और नैतिक परवरिश पर ध्यान दिया जाता है ताकि बड़े होकर वे जहाँ देश और क़ौम के लिए उपयोगी बनें वहीं धार्मिक और नैतिक दृष्टि से भी दूसरों से अलग और श्रेष्ठ नज़र आएं। इन दोनों संस्थाओं की स्थापना जमाअत अहमदिया के दूसरे ख़लीफ़ा हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद साहिब ने अपने पवित्र हाथों से की थी।

इस इज्तिमा में सभी ख़ुद्दाम और अत्फ़ाल के बीच विभिन्न शैक्षिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है और इसमें श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, इंशाअल्लाह।

दिनांक 5 अक्टूबर को समापन समारोह आयोजित होगा जिसमें विद्वान सभी ख़ुद्दाम और अत्फ़ाल को प्रेरणादायी और मार्गदर्शक उपदेश देंगे, इंशाअल्लाह।

अल्लाह तआला से प्रार्थना है कि वह जमाअत अहमदिया के इन युवाओं और बच्चों की ऐसी परवरिश करे कि वे देश और क़ौम के लिए उपयोगी नागरिक बनें। आमीन।

Tariq Ahmad K
Incharge Press & Media,
Ahmadiyya Muslim Jama'at India.